## एक नजर

### नुक्कड़ नाटक से मतदाताओं को किया जागरूक

**शाहजहांपुर।** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने बुधवार को मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। इस अवसर पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझाया। प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल के मार्गदर्शन में चले अभियान में कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा और डॉ. रानू दुबे छात्राओं को बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हर भारतीय को वोट देने का अधिकार है। मतदाता अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए, जो बेहतर लोकतंत्र के निर्माण के लिए बहुत आवश्यक है। प्रज्ञा वर्मा और मनोरमा शुक्ला ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। नुक्कड नाटक में अंशिका, श्रेया पटेल, कशिश, कनिष्का, रोहिणी, प्रिया, भूमि, प्रीति, कोमल, रिया आदि छात्राएं शामिल रहीं।

### बलिदान दिवस पर अवंतीबाई लोधी को किया नमन

**शाहजहांपुर।** महारानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने बुधवार को साथियों के साथ चिनौर स्थित अवंतीबाई पार्क में पहुंचकर उनके बलिदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने कहा कि सभी को अपने जीवन में देशहित के लिए ऐसे कार्य करने चाहिए, जिससे देश और समाज के लोग आपको हमेशा याद रखे। इस दौरान पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, गंगा सागर, अधिवक्ता विजेंद्र वर्मा, अनिल वर्मा, अधिवक्ता राम प्रकाश वर्मा, सरोज कुमार वर्मा, अधिवक्ता शिव प्रकाश वर्मा आदि रहे।

# रंग एकादशी पर जमकर बरसा इत्र- गुलाल, खेली फूलों की होली

## श्याम बाबा के भक्तों ने निकाली सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा, कई स्थानों पर हुई पुष्प वर्षा, फूलों से पटीं सड़कें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** श्री श्याम मित्र मंडल, सेवा समिति और सखी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार सुबह चौक क्षेत्र में रंग एकादशी पर सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा निकाली गई। श्री श्याम फागुन महोत्सव के तहत निकाली गई भव्य शोभायात्रा में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने अबीर-गुलाल के साथ फूलों की होली खेलकर खूब मस्ती की। भजनों पर सभी ने नृत्य कर श्याम बाबा की जय-जयकार भी की। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर खाटू श्याम के भक्तों का स्वागत किया।

शोभायात्रा का आरंभ सुबह करीब आठ बजे बाबा बनखंडीनाथ मंदिर से किया गया। फागुनोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए फूलों से सुसज्जित रथ पर खाटू श्याम का दरबार सजाया गया। सबसे आगे एक वाहन से राहगीरों, दुकानदारों और भक्तों पर अबीर-गुलाल और पुष्प बरसाए जा रहे थे। कुछ भक्त इत्र भी उड़ा रहे थे। शोभायात्रा में तमाम महिलाएं और युवा रंग-बिरंगी ध्वज पताकाएं लेकर बाबा की जय-जयकार करते चल रहे थे। श्याम बाबा के भजनों पर थिरकते, रंग खेलते लोग मस्ती कर रहे थे। वहीं, बाबा के दरबार में भक्त प्रसाद चढ़ाकर नतमस्तक हो रहे थे। दरबार में बैठे भक्तजन प्रसाद वितरित कर रहे थे।


फूलों से सजा खाटू श्याम बाबा का दरबार।

- खाटू श्याम के भजनों पर खूब थिरके महिला-पुरुष और युवा
- खाटू श्याम मंदिर प्रताप इंक्लेव में हुआ समापन

इसके अलावा रास्ते में भी लोगों को मिश्री, गोला, सौंफ आदि का प्रसाद बांटा जा रहा था। शोभायात्रा बाबा बनखंडी नाथ मंदिर से शुरू होकर कच्चा कटरा मोड़, चौक, रंगमहला, खोया मंडी, केरूगंज होते हुए प्रताप इंक्लेव स्थित खाटू श्याम मंदिर के समक्ष विसर्जित हुई। मंदिर में श्याम बाबा की आरती कर भोग लगाया गया। भक्तों ने श्याम बाबा संग होली खेलकर उनका आशीष लिया। समापन पर सभी ने भंडारे में प्रसाद छका।


शोभायात्रा में अबीर-गुलाल से सराबोर श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में ध्वज पताकाएं लेकर चलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


शोभायात्रा के दौरान भजन सुनाते भक्त। ● अमृत विचार


भजनों पर झूमती युवतियां। ● अमृत विचार

### आयोजन में इनका रहा सहयोग

आयोजन में जगदीश अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, सत्यप्रेम अग्रवाल, डॉ. रवि मोहन, डॉ. संगीता मोहन, अमित अग्रवाल, अमित गुप्ता, डॉ. गौरव कौशल, कुंज बिहारी अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रामचंद्र सिंघल, रवि अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, मीतू अग्रवाल, हेमा अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, रागिनी अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पूजा, नीतू, रूपेश वोहरा, कुलदीप आदि का सहयोग रहा।

# अबीर-गुलाल उड़ा बच्चों ने किया डांस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राय विशुन दयाल इंटर कॉलेज में बुधवार को होली उत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे के साथ रंग खेला। अबीर-गुलाल उड़ाकर बच्चों व शिक्षकों ने खूब डांस भी किया।

होली की बधाई देने को विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य और नाटक आदि की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य गौरव श्रीवास्तव और ममता श्रीवास्तव ने बच्चों को होली की बधाई देते हुए सावधानी से त्योहार मनाने का संदेश दिया।


एक-दूसरे को रंग लगातीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## बंदरों के हमले में छत से गिरी महिला घायल, हालत गंभीर


**तिलहर, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी मीना देवी बुधवार को छत पर कपड़े सुखा रही थी। इसी दौरान बंदरों ने उनके ऊपर हमला कर दिया। जिससे घबराकर वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# परिषदीय स्कूलों में शांतिपूर्वक शुरू हुई वार्षिक परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 2720 बेसिक और 16 कस्तूरबा स्कूलों में शामिल हुए 361825 परीक्षार्थी

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित जिले के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन हिंदी, सामाजिक विषय और गणित की परीक्षा हुई। बीएसए रणवीर सिंह ने बताया कि 2720 परिषदीय स्कूलों और 16 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्वक चली। इस परीक्षा में लगभग 3,61, 825 परीक्षार्थी शामिल हुए। खंड शिक्षा अधिकारियों, एआरपी आदि ने स्कूलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग किया। इधर, खंड शिक्षा अधिकारी नगर नरेंद्र कुमार की देखरेख में परीक्षा कराई गई।


नगर क्षेत्र में रोटी गोदाम स्कूल में परीक्षा देते बच्चे। ● अमृत विचार

॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

॥ श्रद्धांजलि सभा ॥



विपिन कुमार अग्रवाल

अत्यंत दुःखी मन से सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी श्री विपिन कुमार अग्रवाल जी का आकस्मिक निधन दिनांक 12/3/2024 को हो गया है।

दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु श्रद्धांजलि सभा दिनांक 22/3/2024, दिन शुक्रवार को अपराह्न 1 बजे से मध्याह्न 3 बजे तक कैम्ब्रिज कॉन्वेंट सभागार में होगी।

: दुखी हृदय :

श्रीमती राधा अग्रवाल (पत्नी)
रचित अग्रवाल-मुक्ता अग्रवाल (पुत्र-पुत्रबधु)
विनायक अग्रवाल-हर्षी अग्रवाल (पुत्र-पुत्रबधु)

श्रीमती सुनीता अग्रवाल (भाभी) पत्नी स्व. अशोक अग्रवाल
अरविन्द अग्रवाल-सुधा अग्रवाल (भाई-भाभी)
मनोज अग्रवाल-संगीता अग्रवाल (अनुज-अनुजबधु)
राजीव अग्रवाल-नीरू अग्रवाल (अनुज-अनुजबधु)
विशाल अग्रवाल-अनुजा अग्रवाल (बहनोई-बहन)
आदर्श-नेहा अग्रवाल (भतीजा-भतीजबहू)
आशीष-गरिमा अग्रवाल (भतीजा-भतीजबहू)
उदय-दीप्ति अग्रवाल (भतीजा-भतीजबहू)
अनमोल अग्रवाल (भतीजा)
अलंकृत अग्रवाल, पर्व अग्रवाल, वैदिक अग्रवाल (पौत्र)
आरोही, पावनी, आराध्या, अनन्या, वेदिका, वृन्दा अग्रवाल (पौत्री)

समस्त परिवार सम्बन्धी एवं मित्रगण

कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल, पुवायाँ-शाहजहाँपुर
✆ 9721691111, 9721751111, 9984711111

॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥ राम ॥

# ...हमनशीं आज तुमको मना कर रूठ जाने को जी चाहता है


आईआईए के होली उत्सव में काव्यपाठ करतीं कवियत्री सोनी मिश्रा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आईआईए के होली उत्सव में हुए कवि सम्मेलन में खेली फूलों की होली

**अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के तत्वावधान में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार रात रेती मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित होलिकोत्सव में कवि सम्मेलन हुआ।

सोनी मिश्रा ने सुनाया-मुस्कुराने को जी चाहता है, गुनगुनाने को जी चाहता है। हमनशीं आज तुमको मना कर, रूठ जाने को जी चाहता है। अध्यक्षता करते हुए डॉ. इंदु अजनबी ने कहा- तन तो रंग ही जायेगा, भीगेंगे सब अंग। मन तक भी पहुंचे कहीं, इस होली के रंग। जगजीवन मिश्र ने -राह पर आंख खोल कर जाएं, रिश्ते बिन भाव तोल कर जाएं। अजीत शुक्ल ने- चाटुकारिता के फंडे बदल रहे हैं, आ गया चुनाव तो झंडे बदल रहे हैं। आशीष कविगुरु ने -जो भी आये फसल हरी आए और सेहत में फिर तरी आए। इस अवसर पर अबीर-गुलाल और फूलों की होली खेल बधाई दी। चैप्टर चेयरमैन गुजजीत सिंह मोंगा ने आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंकित गुप्ता, प्रेम नारंग, कृष्ण कुमार गर्ग, ज्योति मोंगा, अभिनव ओमर, रोहित गोयल, राम कलानी, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### संस्कार और संस्कृति का समन्वय है संस्कृत

**शाहजहांपुर।** ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संस्कृत भाषा के संवर्द्धन एवं प्रचार प्रसार के तहत ग्रहे-ग्रहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय सरल संस्कृत भाषा शिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अधिवक्ता प्रांकित सक्सेना द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया। आराध्या सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्कृत भाषा न केवल भाषा है अपितु यह भारत की संस्कृति के साथ-साथ संस्कार भी है। प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष शुक्ला ने कहा कि संस्कृत से ही संस्कार और संस्कृति का समन्वय होता है। संचालन करुणाकांत ने किया प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार सिंह और गगन श्रीवास्तव, कुशाग्र भारती, माही, अतुल कुमार, अनुभव दीक्षित, अनमोल,अर्पित, अर्चित, अंश, राणा, सेजल, निशी का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

### बच्चों-शिक्षकों ने ली गौरैया संरक्षण की शपथ

**सिंधौली।** मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल एवं ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल में बुधवार को विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बच्चों-शिक्षकों को गौरैया संरक्षण की शपथ दिलाई। विश्व गौरैया दिवस को गौरैया पक्षी के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। लगभग विलुप्त हो चुकी गौरैया को फिर से अपने आंगन घर छत पर बुलाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने स्तर से पेड़ों पर घरों में लकड़ी के घोसलें बनाकर रखना चाहिए अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए छत एवं आसपास में छोटे-छोटे गड्ढे बनाकर पानी मुहैया कराना होगा। उन्होंने कहा कि जब हमारे आसपास पक्षियों की सुंदर चहचहाहट होगी, तो पूरा वातावरण पक्षियों के कलरव से गुंजायमान होकर समस्त प्राणियों को खूबसूरत वातावरण प्रदान करेगा। कार्यक्रम का संचालन सचिन शर्मा ने किया। इस दौरान शिक्षक नीतेश कुमार, शिखा अवस्थी, शोएब खान, जैद मंसूरी, चंद्रशेखर कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर इरम मंसूरी, फैजान अंसारी, मनीषा सिंह, जीशान अहमद, रुचि सिंह, शिल्पी यादव, गुलफिजा मंसूरी, मजमुद्दीन, हर्ष शर्मा, निदा अंसारी, करुणा, शंकर पांडेय, रीता यादव, रश्मि सिंह, सोनम मिश्रा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम
HP
राम नारायण गुप्ता एंड संस
पता : चमकनी गाड़ीपुरा (सराइकाइयाँ चौकी क्षेत्र)




सीएनजी एवं पेट्रोल उपलब्ध है।
शहर के अंदर पहला सीएनजी पंप खुल गया है।
एक बार सेवा का मौका दें।
प्रो. राजकुमार गुप्ता










# मानकों पर खरा नहीं उतरा 'नुकसान' मुआवजे की दौड़ से बाहर हुए किसान

## जिले का एक भी किसान मुआवजा और फसल बीमा पाने को नहीं निकला पात्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● बीते दिनों हुई ओलावृष्टि व बारिश से खेतों में बिछ गई थी फसल

**अमृत विचार:** बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान होने के बाद भी जिले का कोई किसान मुआवजा व बीमा के लिए पात्र नहीं मिला है। 25, 33 और 50 प्रतिशत नुकसान के मानक पर एक भी किसान खरा नहीं उतर सका है। जबकि हजारों किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। इन किसानों को न तो सरकारों की ओर से कोई मुआवजा दिया जा सका और न ही फसल बीमा योजना के तहत बीमा का पैसा दिया जा सका है। नियमों की जटिलता में किसानों की मुआवजे की मांग उलझ कर रह गई है। शहर से सटे गांव मिश्रीपुर के किसान मोहम्मद उवैस, कांट क्षेत्र के रोहित कुमार, पिपरौला के अभिषेक ने बताया कि किसान फसल का नुकसान होने पर सरकार से मुआवजे की मांग करते हैं लेकिन उनकी मांग नियमों की जटिलताओं में उलझ कर रह जाती है। किसानों का कहना है कि वह विषम परिस्थितियों में खेती कर पूरी जमा पूंजी लगा देते हैं। उनका भविष्य आने वाली फसल पर निर्भर होता है। इसके बाद भी अगर प्राकृतिक आपदा में उनकी फसल बर्बाद हो जाती है तो उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वह अगली फसल कैसे बोएं, जिन लोगों से खाद, दवा, बीज लेकर लगाया है, उनका उधार कैसे चुकाएं। इसके अलावा बैंक का कर्ज कैसे चुकाएं। कई बार ऐसी स्थिति हो जाती है कि दूसरों का पेट भरने वाले किसानों को खुद आधे पेट सोना पड़ता है।

फसलों का दाम सरकार तय करती है तो उसे किसानों के साथ मुसीबत के समय खड़ा भी रहना चाहिए। अगर किसानों की फसल बर्बाद होती है तो उन्हें कुछ राहत भी देनी चाहिए वरना किसान ऐसे ही खेती छोड़ते रहेंगे। प्राकृतिक आपदा में अगर किसानों की फसल को नुकसान होता है तो सरकार को मुआवजा देना चाहिए। बीमा के नियमों में भी बदलाव किया जाना चाहिए। ताकि फसल खराब होने पर किसान दोबारा फसल बोने की स्थिति में रहे। किसान ज्यादा पढ़े लिखे नहीं होते हैं। उन्हें सरकार से ही उम्मीद है। सरकार को दस प्रतिशत नुकसान होने पर भी मुआवजा और फसल बीमा का लाभ किसानों को देना चाहिए।

### जिले में आंका गया था 15 प्रतिशत तक नुकसान

किसानों का कहना है कि दो, तीन और चार मार्च को जिले में हुई बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं से गेहूं, तंबाकू और मसूर सहित कई फसलों को नुकसान हुआ था। कहीं दस तो कहीं-कहीं 15 प्रतिशत से भी ज्यादा नुकसान हुआ था। प्रशासन ने सर्वे कराया तो उसमें भी आया कि आठ से दस प्रतिशत तक फसलें बर्बाद हुई हैं। इसके बाद भी एक भी किसान को नुकसान का मुआवजा नहीं दिया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत तमाम किसानों ने बीमा कराया था। उनमें से सात ने बीमा पाने के लिए आवेदन भी किया। इसके बाद भी उन्हें बीमा का लाभ नहीं मिल सका।

### 25, 33 और 50 प्रतिशत नुकसान पर मिलता है मुआवजा

किसान भले ही मुआवजे की मांग कर रहे हों, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी नियमों का हवाला देकर किसानों की मद्द कर पाने में असमर्थता जता रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगर किसी क्षेत्र में 25 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है तो वहां किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ मिलेगा। इसी तरह 50 प्रतिशत उत्पादन घटने पर बीमा का पैसा दिया जा सकता है। फसल नुकसान मुआवजा कम से कम 33 प्रतिशत नुकसान होने पर दिया जाता है। अगर नियमों पर किसान खरे नहीं उतरते हैं तो उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाता है।

"जिले के किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाया है, क्योंकि वह नियमों पर खरे नहीं उतरे। 33 प्रतिशत से कम नुकसान होने पर मुआवजा नहीं दिया जाता है। 33 प्रतिशत तक नुकसान पर मुआवजा दिया जाता है।
–**डॉ. सुरेश कुमार**, एडीएम वित्त।

"प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षेत्र में 25 प्रतिशत नुकसान होने व उत्पादन में 50 प्रतिशत तक कमी आने पर ही फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। जिले में ऐसा नहीं हुआ है।
–**सतीश चंद्र पाठक**, जिला कृषि अधिकारी।

सरकार धर्म के नाम पर वोट लेना चाहती है, लेकिन किसानों को कुछ राहत नहीं देना चाहती है। जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है सरकार को उन्हें राहत देनी चाहिए।



–**तलविंदर सिंह मोमी**,
जिलाध्यक्ष किसान यूनियन चढ़ूनी गुट।

किसी किसान का दस प्रतिशत भी नुकसान होता है तो भी मुआवजा मिलना चाहिए। जिसका कम हुआ उसे कम और जिसका ज्यादा नुकसान हुआ है उसको ज्यादा मुआवजा मिलना चाहिए। –**सचिन मिश्रा**,
तहसील महासचिव राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन



# डीएम ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को शुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी व निर्विघ्न रूप से कराने के दृष्टिगत डीएम उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा ले संबंधित कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर पेड न्यूज़ व फेक न्यूज़ के संबंध में भी जानकारी ली।

जिलाधिकारी बोले- कहीं भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक समय से निस्तारण कराया जाए। शिकायत व उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगी है वह समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही कंट्रोल रूम में निगरानी के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की दिन-रात की पालीवार ड्यूटी लगाई जाए। कंट्रोल रूम की पूरी टीम अलर्ट रहकर निगरानी करें। किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

● इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर पेड व फेक न्यूज की ली जानकारी, दिए दिशा निर्देश

### एडीएम वित्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**शाहजहांपुर।** एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को लोकसभा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। बैठक में एडीएम ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना है। निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुसार ही कार्य करें। निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा समय से कार्यालय को उपलब्ध कराते रहे। उम्मीदवार 95 लाख रुपये तक ही खर्च कर सकेंगे। निर्वाचन के दौरान किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणियां न की जाएं। जनपद में चुनाव चतुर्थ चरण में 13 मई को होगा। मतगणना 4 जून को होगी। उन्होंने चुनाव संबंधी तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी।

## एक नजर

### 24 व 25 मार्च को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**शाहजहांपुर।** शहर निरीक्षक सौरभ यादव ने बताया कि होली पर 24 व 25 मार्च को देशी व विदेशी मदिरा की दुकानें बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि कोई सेल्समैन शराब बेचते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया गया और सूचना मिलने बराबर दबिश दी जा रही है। आबकारी विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है।

### एडीएम प्रशासन को मिला व्यय अनुवीक्षण का दायित्व

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम उमेश प्रताप सिंह ने नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण (जांच-परख अधिकारी) के पद का दायित्व एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार से हटा दिया है। अब यह कार्य एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय करेंगे। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव को उनके सहयोग के लिए सह नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण नामित किया है। डीएम ने आदेश का तुरंत पालन करने के निर्देश दिए हैं।

### बंदूक के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**तिलहर।** चठिया खिरियामाल निवासी शातिर अपराधी वीरेश को पुलिस ने बुधवार को उसके गांव से गिरफ्तार किया। उसके पास से 12 बोर की डबल बैरल बंदूक, दो कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर चालान कर दिया। उपनिरीक्षक रजनीश कुमार ने बताया कि वीरेश के खिलाफ हत्या का प्रयास, गुंडा एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में 14 मामले दर्ज हैं।

### पति सहित तीन पर रिपोर्ट

**खुटार।** क्षेत्र के गांव छापाबोझी निवासी पंकज की पत्नी रीमा ने पुलिस को बताया कि उसके पति, सास सावित्री देवी, ससुर जगदीश बेवजह आए दिन गाली गलौज और पिटाई करते हैं। बुधवार सुबह उक्त लोगों ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए पिटाई कर दी। इस मामले में पीड़ित रीमा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बाजरा की जगह गेहूं न देने पर कोटेदार को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● आरोपियों ने की गाली गलौज बचाने आई मां को किया घायल

**अमृत विचार:** ऐठा हुसैनपुर गांव में बाजरा की जगह गेहूं न देने पर राशन उपभोक्ताओं ने कोटेदार व उसकी मां को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रोजा क्षेत्र के गांव ऐठा हुसैनपुर निवासी रमन सिंह ने बताया कि वह गांव के सरकारी सस्ते राशन का कोटेदार है। मंगलवार सुबह नौ बजे कोटेदार गल्ला बांट रहा था। गांव के विनोद, प्रमोद कुमार, अनूप, रामऔतार गल्ला लेने के लिए आए। आरोपियों ने कहा कि बाजरा नहीं चाहिए और बाजरा के स्थान पर गेहूं दे दो। कोटेदार ने आरोपियों से कहा कि गेहूं, चावल, बाजरा तीनों लेना होगा। इस बात से आरोपी नाराज हो गए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कोटेदार को पीटकर घायल कर दिया। कोटेदार की मां माया देवी बचाने के लिए आयी तो आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि मशीन तोड़ दूंगा। सरकारी राशन बांटने में बाधा डाली। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। रोजा पुलिस ने कोटेदार की तरफ से आरोपी विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, रामऔतार, अनूप के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# एसपी ने देखा जुलूस का रूट, पैदल गश्त की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रामचंद्र मिशन क्षेत्र में फोर्स के साथ पैदल गश्त करते एसपी अशोक कुमार मीणा।

● कलान, बंडा, परौर में भी पुलिस ने किया पैदल मार्च, होली और चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

**अमृत विचार:** एसपी अशोक कुमार मीणा ने टीम के साथ छोटे लाट साहब जुलूस के मार्ग का निरीक्षण कर पैदल गश्त की। वहीं, कलान, बंडा, परौर में पुलिस बल ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया।

बुधवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि कहां बेरीकेडिंग की जाए और कहां मकान की छत पर फोर्स रहेगा। सीओ सिटी व थाना प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए कि जुलूस से एक दिन पहले ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाए। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए और निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। पैदल गश्त में एएसपी सिटी संजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला, यातायात प्रभारी बालकृष्ण यादव आदि मौजूद रहे। वहीं, बंडा, परौर पुलिस ने भी त्योहारों व चुनाव को लेकर अर्द्धसैनिक बल, पीएसी के साथ कानून व शांति व्यवस्था के लिए प्रमुख चौराहों, मार्गो, बाजार व भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पैदल मार्च निकाला। संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली। आमजन से संवाद कर शांतिपूर्ण त्योहारों के प्रति आश्वस्त किया।

**कलान।** उप जिलाधिकारी कलान महेश कुमार कैथल, थाना प्रभारी कलान प्रभाष चंद्र ने पुलिस फोर्स व पैरामिलिट्री के जवानों के साथ अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों वाले गांव पैदल मार्च किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में कोई भी अफवाह फैलाकर या गैर कानूनी कार्य कर आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई कर उसे जेल भेजा जाएगा।



